तापमान
अधिकतम 38 डिग्री
न्यूनतम 28 डिग्री

हरिभूमि
# धमतरी भूमि

रायपुर, शनिवार 17 मई 2025

कुरुद | सिर्री | जीजामगांव | नगरी | मगरलोड

11 उपद्रवी भीड़ पर पुलिस ने भांजी लाठियां, छोड़े अश्रु गैस...



12 दिन में हड़ताल, रात में मच्छर व गर्मी से सामना



## खबर संक्षेप

### प्राणीशास्त्र की प्रायोगिक परीक्षा आज

**नगरी।** शासकीय सुखराम नागे महाविद्यालय नगरी के बीएससी एवं बीए जीई द्वितीय सेमेस्टर प्राणी शास्त्र की प्रायोगिक परीक्षा 17 मई को प्रातः 8 बजे से आयोजित है। सभी परीक्षार्थी प्रायोगिक फाइल एवं सामग्री के साथ निर्धारित तिथि एवं समय पर उपस्थित होंगे।

### कांग्रेस की संविधान बचाओ रैली 17 को

**धमतरी।** जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा 17 मई शनिवार को संविधान बचाओ अभियान के तहत रैली का आयोजन किया गया है। यह रैली शाम 4 बजे राजीव भवन से प्रारंभ होकर कचहरी चौक, मकई चौक से रत्नाबांधा चौक होते हुए अंबेडकर चौक में सम्पन्न होगी। जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष शरद लोहाना ने कांग्रेस के सभी कार्यकर्ताओं से उपस्थिति की अपील की है।

### जिले की सभी ग्राम पंचायतों में निकलेगी तिरंगा यात्रा

**धमतरी।** शासन के निर्देशानुसार जिले की सभी ग्राम पंचायतों में 17 मई शनिवार को आपरेशन सिंदूर अंतर्गत तिरंगा यात्रा निकाली जाएगी। तिरंगा यात्रा के दौरान राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए, यात्रा में हम सेना के साथ है और आपरेशन सिंदूर के साथ राष्ट्र भारत की जीत, सशस्त्र बलों की सुरक्षा, सशस्त्र बलों और अर्धसैनिक बलों को धन्यवाद देने की तख्तियों का इस्तेमाल कर रैली निकाली जायेगी। कार्यक्रम में पूर्व सैनिकों, सैनिकों के परिवारों, छात्रों एवं आम नागरिकों के साथ सांसद, विधायक, जिला व जनपद पंचायत अध्यक्ष, सदस्य सहित पंचायत प्रतिनिधियों एवं अन्य जनप्रतिनिधियों से उपस्थिति की अपील की गई है।

### प्रायोगिक परीक्षा 20 व 23 को

**कुरूद।** संत गुरु घासीदास शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय कुरुद के एमएससी जैव प्रौद्योगिकी द्वितीय एवं चतुर्थ सेमेस्टर नियमित, एटीकेटी, भूतपूर्व परीक्षार्थियों की प्रायोगिक परीक्षा 20 एवं 23 मई को होगी। समस्त परीक्षार्थी परीक्षा में प्रायोगिक फाइल, लैब कोट, लेखन सामग्री अपने साथ लाएं एवं परीक्षा प्रारंभ होने के आधा घण्टा पूर्व उपस्थित हों।

### 14 हाईस्कूल और 2 हायर सेकेंडरी स्कूल का परीक्षा परिणाम 50 प्रतिशत से कम

# सोलह स्कूल ऐसे जहां आधे छात्र भी नहीं हो पाए पास

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

इस साल बोर्ड परीक्षा का परिणाम जिले में निराशाजनक रहा। 14 हाईस्कूल तो ऐसे हैं, जहां के आधे छात्र भी पास नहीं हो सके हैं। दो हायर सेकेंडरी स्कूल में भी यही स्थिति रही। शिक्षा विभाग में इस खराब रिजल्ट को लेकर मंथन शुरू हो गया है। कई शिक्षकों पर भी गाज गिर सकती है।

अच्छे रिजल्ट की उम्मीद में शिक्षा विभाग ने परीक्षा से पहले कई प्रयोग किए। रिजल्ट आने के बाद ये सभी प्रयोग असफल साबित हुए हैं। हाईस्कूल और हायर सेकेंडरी स्कूल दोनों ही कक्षाओं में रिजल्ट पहले से काफी कम आया है। कक्षा 12वीं में जहां रिजल्ट 6 प्रतिशत कम हुआ है वहीं कक्षा 10वीं में 9 प्रतिशत घट गया है। हालांकि कक्षा 10वीं में सरकारी स्कूल के दो छात्रों ने मेरिट सूची में आकर जिले का सम्मान बरकरार रखा है। इसके बाद भी रिजल्ट को लेकर चर्चा का दौर जारी है। जानकारी के अनुसार जिले के 14 हाईस्कूल का रिजल्ट 50 प्रतिशत से कम आया है। हाईस्कूल मगरलोड का रिजल्ट 49.15 प्रतिशत, शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल मगरलोड का रिजल्ट 47.83, मधुबन का 74.76, नत्थूजी जगताप हायर सेकेंडरी धमतरी का 74.26 प्रतिशत, डॉ एसआरडी हायर सेकेंडरी स्कूल धमतरी का 46.67 प्रतिशत, हाईस्कूल तुमड़ीबहार का 44.44, हायर सेकेंडी स्कूल रिसगांव का 41.18, मोहेरा का 37.50, शंकरदाह का 36.59, डोंगरडुला का 35.56 खल्लारी का 28.37, सांकरा चिंवरी का 27.27, लोहरसी का 23.53 और भोथीडीह हायर सेकेंडरी स्कूल में 10 वीं का रिजल्ट 22.58 प्रतिशत आया है। इसी प्रकार हायर सेकेंडरी स्कूल मोहेरा और आमगांव का रिजल्ट 50 प्रतिशत से कम आया है।

### प्लानिंग हुई फेल

जानकारों की माने तो इस साल छात्रों का उपयोग सरकारी आयोजनों में खूब किया गया। चाहे वह जल जगार अभियान हो या अन्य सांस्कृतिक कार्यक्रम। इससे छात्रों की पढ़ाई प्रभावित हुई। ऐसे में परीक्षा से पहले प्री बोर्ड परीक्षा का आयोजन भी किया गया। यह परीक्षा हालांकि बोर्ड परीक्षा की तैयारी के तौर पर देखा गया था लेकिन पढ़ाई के वक्त छात्र स्कूल में परीक्षा दिला रहे थे। ऐसे में पढ़ाई करने का समय भी ढंग से नहीं मिल पाया। शिक्षकों का चुनाव सहित अन्य कार्यों में भरपूर उपयोग किया गया। इसके चलते रिजल्ट कमजोर आया है।




### रिजल्ट पर होगा मंथन

सरकारी स्कूल के प्रत्येक शिक्षक को हजारों रूपए पगार मिलती है। इसके बाद भी रिजल्ट कमजोर आना चिंता का विषय है। शिक्षा विभाग ने रिजल्ट को लेकर पूरी सूची तैयार कर ली है। अब कमजोर रिजल्ट को लेकर मंथन करने की तैयारी है। इस माह के अंत तक समीक्षा बैठक का आयोजन कर कमजोर रिजल्ट वाले स्कूलों के लिए प्लानिंग भी तैयार की जाएगी। उल्लेखनीय है कि कमजोर रिजल्ट वाले स्कूलों में केवल वनांचल या ग्रामीण क्षेत्र के स्कूल नहीं हैं, बल्कि शहर के कई बड़े स्कूल भी शामिल हैं।

# एसबीआई सेवा केंद्र सिलौटी संचालक के खिलाफ धोखाधड़ी की शिकायत

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

### 45 खाताधारकों के 14 लाख गबन का मामला



ग्राम सिलौटी के एसबीआई सेवा केंद्र के संचालक द्वारा 45 खाताधारकों से 14 लाख रूपए गबन करने की शिकायत कलेक्टर से की गई है।

ग्राम पंचायत के सरपंच अनिलराव शिंदे ने कलेक्टर के नाम शिकायत पत्र सौंपकर कहा है कि ग्राम सिलौटी में एसबीआई ग्राहक सेवा केंद्र संचालित है। संचालक ने विभिन्न खाताधारकों से राशि लेकर से खाते में जमा करने के बदले गबन कर लिया है। ग्राम सिलौटी और आसपास गांव के 45 खाताधारकों के 14 लाख रूपए पर हाथ साफ किया है। सरपंच ने बताया कि खाताधारकों ने उसके पास राशि वापस नहीं करने की मौखिक शिकायत की है। सरपंच ने धोखाधड़ी करने वाले एसबीआई सेवा केंद्र के संचालक पर कानूनी कार्रवाई तथा खाताधारकों की राशि वापस दिलाने की मांग की है।

सिलौटी तथा आसपास गांव से पहुंचे पीड़ित खाताधारक मोहनी, गोदावरी, देवव्रत, लिखनराम, कुमुदनी, सेवती, चंद्रिका, डिकेश्वरी ने बताया कि वे ग्राम सिलौटी थाना भखारा के निवासी हैं। भारतीय स्टेटबैंक ग्राहक सेवा केंद्र सिलौटी क्रमांक 32803829 में वे अपने खाते में राशि का लेनदेन करते थे। अलग-अलग समय में अपने खाते में राशि जमा की है। केंद्र संचालक ने उनके खाते में राशि जमा करने के बदले उसे गबन कर लिया है। इस बात का पता चलने पर वे नवंबर दिसंबर 2024 से राशि मांगने संपर्क करते आ रहे हैं। आज कल में दे दूंगा करके गुमराह करते रहा। चैत्र नवरात्रि पर्व के समय राशि मांगने गए तो भगा दिया गया। थाना भखारा में इसकी लिखित शिकायत की गई, लेकिन पुलिस ने आज तक कोई कार्रवाई नहीं की। बैंक में भी शिकायत की गई है, लेकिन कोई संतोषप्रद जवाब नहीं मिला। इन्होंने धोखाधड़ी की जांचकर राशि वापस दिलाने की मांग करते हुए कहा है कि रोजी मजदूरी कर अर्जित की गई कमाई का इस प्रकार से बैंक में गबन होने से उनका विश्वास बैंक तथा शिकायत के बाद भी कार्रवाई नहीं होने से पुलिस से उठ गया है।

### दोनर में अवैध शराब बिक्री की शिकायत



**धमतरी।** ग्राम पंचायत दोनर के सरपंच ने गांव में अवैध शराब बिक्री पर रोक लगाने की मांग एसपी से की है। सरपंच श्रीमती खलेशबाई नगारची, उपसरपंच श्री चंद्राकर, द्विजराम साहू ने एसपी को लिखित शिकायत कर कहा है कि दोनर में अवैध शराब की बिक्री धड़ल्ले से हो रही है। गांव के छोटे-छोटे बच्चों को भी शराब की लत लग रही है। चौक चौराहों, होटल, सार्वजनिक स्थल, स्कूलों में खुलेआम शराब पीया जाता है जिसके कारण दोनर हाईस्कूल में अन्य गांव के छात्र दाखिला नहीं लेना चाहते, जो दाखिला लिए हैं वह भी स्कूल छोड़ रहे हैं। इससे गांव की बदनामी हो रही है। उन्होंने गांव में अवैध शराब बिक्री पर रोक लगाने की मांग की है।

# डिस्मेंटल कर रहे मजदूर पर ही गिरा छज्जा

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

- आमापारा की घटना



ड्रील मशीन से डिस्मेंटल कर रहे मजदूर पर छज्जा ही गिर गया। आसपास के लोगों की मदद से मजदूर को किसी तरह छज्जा के नीचे से बाहर निकाला गया। घटना में मजदूर को चोट आई है।

मिली जानकारी के अनुसार गुरुवार को स्थानीय आमापारा वार्ड स्थित एक घर की छत के नीचे बने पुराने छज्जा को तोड़ने का काम चल रहा था। ग्राम दरगहन थाना गुरुर निवासी ओंकार साहू उम्र 55 वर्ष ड्रील मशीन से छज्जा को तोड़ने के लिए आया था। मजदूर चौखट के ऊपर बने छज्जे पर चढ़कर स्लैब के नीचे स्थित पुराने छज्जे को ड्रील मशीन से डिस्मेंटल कर रहा था। इसी दौरान ऊपर का छज्जा टूटकर मजदूर पर गिर गया। वह छज्जा के नीचे दब गया। आसपास के लोगों ने सब्बल की मदद से छज्जा को हटाकर नीचे दबे मजदूर को बाहर निकाला। घटना में मजदूर को ज्यादा चोट नहीं आई है। लेकिन हादसे से मजदूर घबरा गया है। मजदूर का मौके पर ही प्राथमिक उपचार किया गया। बहरहाल मजदूर की हालत बेहतर बताई जा रही है। समय पर लोगों की मदद नहीं मिल पाती तो मजदूर गंभीर रूप से घायल हो सकता था।

# एनएच में डीजल टैंकर पलटा, लगी आग

हरिभूमि न्यूज ⏭जीजामगांव

- ड्राइवर और कंडक्टर आग से झुलसे, रायपुर रेफर





शुक्रवार की दोपहर बिरेझर चौकी से लगभग 2 किलोमीटर दूर राष्ट्रीय राजमार्ग 30 पर कोड़ेबोड़ के पास अभनपुर से कुरूद की ओर आ रहा एक मिनी डीजल टैंकर पलट गया। टैंकर में लगभग 3000 लीटर डीजल भरा हुआ था। यह घटना टैंकर का पट्टा टूटने से हुई है। टैंकर के पलटने के बाद उसमें आग लग गई। टैंकर के ड्राइवर और कंडक्टर आग की चपेट में आ गए। दोनों को गंभीर हालत में रायपुर रेफर किया गया है। नेशनल हाईवे 30 पर हुए हादसे के बाद लोग इधर-उधर भागने लगे। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। दमकल टीम को तुरंत बुलाया गया। दमकल कर्मियों ने आग पर काबू पाया। बाद में क्रेन की मदद से टैंकर को नेशनल हाईवे 30 से हटाया गया। टैंकर में मौजूद ड्राइवर और कंडक्टर आग से झुलस गए। बताया जा रहा है कि ड्राइवर करीब 50 प्रतिशत और कंडक्टर 20 प्रतिशत झुलस गए हैं। दोनों को कुरूद अस्पताल ले गए जहां से रायपुर रेफर कर दिया गया।

**पाठक सूचना**

धमतरी जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

मो. 9826114710, 9993322768
9098324969

# सीमांकन के लिए भटक रहा है गरीब परिवार



हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

- सुशासन में आज भी गरीब वर्ग के लोग शोषित और पीड़ित हैं

सिहावा रोड स्थित शांति कालोनी निवासी एक पटेल परिवार अपनी 3 डिसमिल जमीन का सीमांकन कराने तहसील तथा एसडीएम कार्यालय का चक्कर लगा रहा है। शुक्रवार को पीड़ित परिवार ने हरिभूमि कार्यालय पहुंचकर अपनी पीड़ा बताई है।

सिहावा रोड शांति कालोनी निकासी सुरूज बाई पटेल 82 वर्ष, उमा बाई पटेल 62 वर्ष, लेखराम पटेल 55 वर्ष तथा पूर्णिमा पटेल ने बताया कि पटवारी हल्का नंबर 33 राजस्व निरीक्षक मंडल धमतरी में उनके नाम से 3 डिसमिल जमीन है जिसका खसरा नंबर 1764/3 है जिसका सीमांकन करने 7 माह पूर्व तहसील कार्यालय में आवेदन किया है। तहसीलदार सीमांकन के लिए आदेश जारी करता है लेकिन उक्त जमीन से लगे एक व्यापारी सीमांकन करने में व्यवधान उत्पन्न कर रहा है। उनकी जमीन पर घेरा लगाकर कब्जा जमा लिया है। जमीन का सीमांकन नहीं हो पाने और व्यापारी द्वारा जमीन पर कब्जा जमाने से वे मानसिक रूप से प्रताड़ित हैं। उन्होंने कहा कि सरकार सुशासन की बात करती है लेकिन आज भी धन बल के चलते गरीब वर्ग के लोग अपने हक की संपत्ति से वंचित हो रहे हैं। उन्होंने शासन-प्रशासन से उनकी जमीन का सीमांकन कराने की गुहार लगाई है।



**खबर संक्षेप**

## प्रियम ने 12वीं सीबीएसई बोर्ड में 96.8 प्रतिशत के साथ जिले में किया टॉप



**कुरूद।** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) ने मंगलवार को 10वीं और 12वीं बोर्ड का परीक्षा परिणाम जारी किया। 12वीं बोर्ड में पीएमश्री केंद्रीय विद्यालय लोहरसी के छात्र प्रियम चन्द्राकर कुरूद ने (विज्ञान विषय) मेन सब्जेक्ट के आधार पर 96.8 प्रतिशत लाकर जिला में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। प्रियम के पिता खिलेन्द्र चन्द्राकर व्यापारी हैं। मां पार्वती चन्द्राकर व्याख्याता हैं। प्रियम ने बताया कि वह रोजाना 5 घंटे पढ़ाई करते थे। आगे सिविल सेवा में जाकर कलेक्टर बनना चाहते हैं। कंप्यूटर टेक्नोलॉजी में रूचि रखने वाले प्रियम ने 12वीं बोर्ड परीक्षा में अंग्रेजी में 96, मैथ्स में 95, फिजिक्स 97, केमिस्ट्री में 96, कंप्यूटर साइंस में 100 अंक प्राप्त किया है। अपनी सफलता का श्रेय उन्होंने अपने माता-पिता और विद्यालय के शिक्षकों को दिया है।

## कशिश को 12वीं में 74.8 प्रतिशत अंक मिला



**नगरी।** शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय नगरी की कक्षा 12 वीं की छात्रा कशिश पिता मोहित साहू ग्राम छिपली ने 74.8 प्रतिशत अंक प्राप्त कर शाला एवं परिवार का नाम रोशन किया।

## अमलीडीह स्कूल का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत

**कोर्रा(भखारा)।** शासकीय प्राथमिक शाला अमलीडीह स्कूल में 5वीं और 8वीं का परीक्षा परिणाम सौ प्रतिशत रहा। कक्षा 5वीं में प्रथम







तारिणी पिता द्रोणाचार्य साहू 96 प्रतिशत, द्वितीय प्रवीण पिता योगेशवर 93 प्रतिशत, तृतीय सुमन पिता पवन 92 प्रतिशत रहे। कक्षा 8वीं में देविका पिता महेन्द 94 प्रतिशत, देहुति पिता उमेंद 93 प्रतिशत, तृतीय खुशी पिता द्रोणाचार्य साहू 90 प्रतिशत रहे। छात्र-छात्राओं के उत्कृष्ट प्रदर्शन पर पवन साहू, डेरहाराम साहू शिक्षक, छविराम साहू शिक्षक, गुनेश्वर साहू, गुलाबराम साहू, सनत साहू, नीलमणि साहू, माधवराम साहू, दीनानाथ साहू ने हर्ष जताया।

### जिले में वैकल्पिक खेती, मखाना उत्पादन और नकली कृषि आदानों पर रोक के लिए जिपं अध्यक्ष ने कृषि मंत्री को सौंपा प्रस्ताव

# कृषि क्षेत्र में नवाचारों का हब बन सकता है धमतरी जिला : अरुण

- इंदिरा गांधी कृषि विवि में राज्य स्तरीय उद्यानिकी संगोष्ठी में भाग लेकर रखी किसानों की पीड़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नगरी

जिला पंचायत अध्यक्ष अरुण कुमार सार्वा ने गुरुवार को रायपुर स्थित इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय में आयोजित राज्यस्तरीय उद्यानिकी संगोष्ठी में भाग लेकर जिले की कृषि चुनौतियों और संभावनाओं पर प्रदेश सरकार का ध्यान आकर्षित किया। राज्य के विभिन्न जिलों से आए सफल एवं उन्नत कृषकों सहित विभागीय उच्चाधिकारियों तथा कृषि मंत्री रामविचार नेताम के समक्ष ग्रीष्मकालीन धान की फसल के विकल्प के रूप में विविध फसलों सहित मखाना फसल की खेती पर अपनी बाते रखने के साथ 10 बिंदुओं वाला सुझाव पत्र कृषि मंत्री को सौंपा, जिसमें जिले में मखाना उत्पादन को बढ़ावा देने, वैकल्पिक खेती को प्रोत्साहित करने और नकली कृषि आदानों पर नियंत्रण लगाने जैसी अहम मांगें शामिल थीं।

श्री सार्वा ने कहा कि धमतरी जिला सहित राज्य में धान के स्थान पर वैकल्पिक फसलों की ओर




किसानों को मोड़ने की आवश्यकता है। जल संरक्षण और मृदा स्वास्थ्य के लिए यह बेहद जरूरी है। उन्होंने जोर देकर कहा कि जिले के किसानों के लिए विविध फसलों के समेकित विकास हेतु विशेष योजना के तहत बजट की स्वीकृति दी जानी चाहिए, ताकि किसानों को तकनीकी मार्गदर्शन और अनुदान का लाभ मिल सके। उन्होंने यह भी बताया कि छत्तीसगढ़ में मखाना उत्पादन की प्रचुर संभावना है, विशेषकर उन तालाबों और जलाशयों में जहां सिंघाड़ा और ढेंस की खेती पहले से हो रही है। उन्होंने बिहार राज्य की तर्ज पर छत्तीसगढ़ में भी मखाना उत्पादन के लिए वैज्ञानिक प्रशिक्षण, अनुदान, बाजार और मूल्य समर्थन की मांग की।

श्री सार्वा ने नकली बीज, खाद और कीटनाशकों की बिक्री पर चिंता जताते हुए कहा कि इससे किसानों की मेहनत और पूंजी दोनों बर्बाद हो रही हैं। उन्होंने इस पर सख्त नियंत्रण और निगरानी व्यवस्था लागू करने की अपील की। उद्यानिकी विभाग द्वारा नकली आदानों की रोकथाम हेतु एक स्थायी कार्य योजना बनाने की बात भी प्रस्ताव में कही। उन्होंने प्रस्ताव में यह भी मांग की कि फलदार पौधों जैसे आम, कटहल, जामुन, नींबू के बगीचे विकसित करने, सब्जियों की व्यावसायिक खेती (मिर्च, प्याज, लहसुन, टमाटर) को बढ़ावा देने, मसाले, औषधीय पौधों की वैज्ञानिक खेती के लिए जिले में चयनित किसानों को विशेष प्रशिक्षण व सहयोग दिया जाए। सुझाव पत्र में श्री सार्वा ने जल आधारित कृषि जैसे मखाना, सिंघाड़ा और ढेंस, मोटा अनाज (कोदो, कुटकी, रागी), दलहन तिलहन फसलें और कंदवर्गीय फसलों की खेती को बढ़ावा देने पर बल दिया है। उन्होंने यह भी प्रस्तावित किया कि इन सभी फसलों का फ्रंटलाइन डेमो प्रोजेक्ट (प्रक्षेत्र प्रदर्शन) के रूप में चयनित गांवों में क्रियान्वयन किया जाए। श्री सार्वा ने आग्रह किया कि कृषि एवं उद्यानिकी विभाग, पशुपालन विभाग तथा बीज निगम आपसी समन्वय बनाकर एक समग्र विकास कार्य योजना तैयार करें, ताकि जल, जमीन और जनहित के साथ-साथ किसानों की आय में भी स्थायी वृद्धि सुनिश्चित हो सके।

## कांग्रेस पार्षद दल ने किया वाटर फिल्टर ट्रीटमेंट प्लांट का निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

कांग्रेस पार्षद दल ने फिल्टर प्लांट का निरीक्षण किया। उन्होंने निरीक्षण के दौरान पाया कि ब्लीचिंग, एलम टैंक जिसका उपयोग पानी के सफाई के लिए किया जाता है, पिछले डेढ़ माह से बंद पड़ा है जिसके कारण शहर में प्रदूषित पानी सप्लाई होनी की संभावना है।

नेता प्रतिपक्ष दीपक सोनकर ने बताया कि नगर निगम द्वारा जल है तो जीवन है की बात कही जाती है लेकिन वास्तविकता में सारे दावे खोखले नजर आते हैं। लोगों के स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है। उपनेता प्रतिपक्ष विशु देवांगन ने कहा कि निगम पानी के



नाम पर करोड़ों खर्च करता है लेकिन एलम, ब्लीचिंग टैंक का महीनों से बंद रहना यह साबित करता है कि निगम प्रशासन पानी के विषय में कितना गंभीर है।

पार्षद सुमन मेश्राम ने कहा कि पूर्व में बांसपारा वार्ड, जोधापुर वार्ड में प्रदूषित पानी के कारण बीमारियां फैली थी जिसकी वजह से कई लोगों की जान चली गई। रहते ही इस समस्या का समाधान करना आवश्यक है नहीं तो शहरवासी गंभीर बीमारियों की चपेट में आ सकते हैं।

निरीक्षण के दौरान पार्षद पूर्णिमा गजानंद रजक, सूरज गहरवाल, उमा भागी ध्रुव,रामेश्वरी कोसरे उपस्थित थे।

## गुदगुदा स्कूल का परीक्षा परिणाम उत्कृष्ट

**सिर्री।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय गुदगुदा का परीक्षा परिणाम उत्कृष्ट रहा। कक्षा 10 वीं का परीक्षा परिणाम 74.57 प्रतिशत रहा। प्रथम नेमिष सिन्हा 83.5 प्रतिशत, द्वितीय वेणुका पटेल 81.1 प्रतिशत रहे। कक्षा 12वीं का परीक्षा परिणाम 83 प्रतिशत रहा। प्रथम धारणी 86.2 प्रतिशत, द्वितीय हेमपुष्पा साहू 77.8 प्रतिशत, तृतीय खिलेश्वरी 77.2 प्रतिशत रही। परीक्षा में सफल एवं उत्कृष्ट विद्यार्थियों को जनभागीदारी के अध्यक्ष एवन कुमार साहू, प्राचार्य टेकराम सोनकर, टिकेश्वर कुमार साहू, रमेश कुमार ध्रुव, शेखर चन्द्र ठाकुर, दीनदयाल साहू, तरुण कुमार सिन्हा, निलेश कुमार भारव्दाज, होमलाल देवांगन, टेमन लाल साहू, शीला साहू, डेमिन साहू, शिक्षक शोभाराम साहू, व्यायाम शिक्षक गैंदलाल साहू, बालमकुन्द साहू, घनश्याम साहू, रामेश्वर नगारची ने

## 19 को मंत्रालय घेरेंगे जिले के सहकारी कर्मी

- बठेना समिति में हुई कर्मचारियों की बैठक, बनाई रणनीति

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पुरी

सहकारी समिति कर्मचारी संघ जिला धमतरी की कार्यकारिणी बैठक बठेना समिति में हुई।

बैठक में निर्णय लिया कि महासंघ के आह्वान पर लंबित मांग प्रबंधकीय अनुदान राशि देने, बैंकों के खाली समिति प्रबंधकों के पदों पर समिति कर्मचारियों को लेने, गत वर्ष एवं वर्तमान वर्ष धान शून्य शॉर्टेज प्रोत्साहन राशि दिलाने, इस वर्ष के सम्पूर्ण धान उठाव सहित वर्तमान वर्ष एवं पूर्व वर्ष में धान सूखत समितियों को दिलाने सहित सूखत के नाम पर एफआई आर एवं समिति प्रबंधकों की सेवा मुक्ति की जा रही है और छह माह



बाद अंतर विभागीय कमेटी गठित का लाभ नहीं मिलने के विरोध में 33 जिलों के लगभग 15,000 हजार कर्मचारी 19 मई को तुता रायपुर में 11 बजे धरना प्रदर्शन कर मंत्रालय का घेराव करते हुए मुख्यमंत्री, सहकारिता मंत्री, खाद्य मंत्री को पुनः पत्र सौंपा जाएगा। जिले की 74 सहकारी समितियों के लगभग 600 कर्मचारियों ने मंत्रालय के घेराव में भाग लेने का निर्णय लिया है। यह जानकारी नरेंद्र साहू जिला कार्यवाहक अध्यक्ष ने दी है।


## बेटियों ने कंधा देकर बेटे का फर्ज निभाया



हरिभूमि न्यूज ▶▶ मगरलोड

- ग्रामीणों ने की बेटियों के पुत्र धर्म की प्रशंसा

ग्राम अरौद निवासी बानूराम साहू का 15 मई गुरुवार को 85 वर्ष की उम्र में निधन हो गया। मृतक की तीन बेटियां तुलसी बाई, वीणा बाई, नीरेश बाई साहू हैं। सभी बेटियां ससुराल चली गई हैं। तीनों बेटियों ने अपने स्वर्गीय पिता को कंधा देकर पुत्र धर्म निभाया। ग्रामीणों ने बेटियों के पुत्र धर्म कार्य की प्रशंसा की है। अंतिम संस्कार में राधेश्याम, प्यारेलाल, तीरथराम, मोहन राम, उदयराम, ठाकुर राम साहू समेत बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे। प्यारेलाल साहू ने मृतक को मुखग्नि दी।





## रानी अहिल्याबाई होलकर की जयंती पर 18 को कार्यशाला

- कार्यक्रम को लेकर भाजपा ने बनाई रूपरेखा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

भाजपा द्वारा 18 मई को दोपहर 2 बजे रानी अहिल्याबाई होलकर जयंती कार्यशाला 2025 का आयोजन अग्रसेन भवन सिहावा चौक धमतरी में किया जाएगा। यह कार्यक्रम पुण्यश्लोका रानी अहिल्याबाई होलकर की 300वीं जयंती के उपलक्ष्य में आयोजित किया जा रहा है। पार्टी के केंद्रीय और प्रदेश नेतृत्व के आव्हान पर आयोजित इस कार्यशाला का उद्देश्य रानी अहिल्याबाई की विचारधारा और जनकल्याणकारी कार्यों को जनमानस तक पहुंचाना है। कार्यक्रम में पार्टी के सांसद, विधायक, पूर्व विधायक, जिला पदाधिकारी, जनपद पंचायत प्रतिनिधि, नगर निगम, नगर पंचायत और मंडल स्तर के पदाधिकारी शामिल होंगे।

इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष प्रकाश बैस, जिला महामंत्री अविनाश दुबे, बीथिका विश्वास व ठाकुर शशि पवार विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम के बाद ऑपरेशन सिंदूर की सफलता एवं सेना के शौर्य के सम्मान में तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया है, जो संध्या 4 बजे मकई गार्डन से प्रारंभ होगी। यह जानकारी जिलाध्यक्ष प्रकाश बैस ने दी।

## परमार्थ सेवा समिति ने की मुक्तिधाम की साफ-सफाई



हरिभूमि न्यूज ▶▶ नगरी

परमार्थ सेवा समिति द्वारा नगर पंचायत नगरी के मुक्तिधाम परिसर में सफाई अभियान चलाया गया। इस स्वच्छता अभियान में संगठन के कई सक्रिय सदस्य शामिल हुए और समाजसेवा की मिसाल पेश की।

इस अभियान में जसपाल खनूजा, देवकांत गजपाल, चमन साहू, दयाशंकर साहू भोजराज साहू, संजय निर्मलकर, आकाश पंजाबी, केशव पटेल सहित अन्य सदस्य मौजूद रहे। सभी ने श्रमदान करते हुए मुक्तिधाम की साफ-सफाई की और साफ-सुथरे वातावरण के लिए समाज को प्रेरित किया। उन्होंने बताया कि संगठन का उद्देश्य न केवल धार्मिक और सांस्कृतिक मूल्यों की रक्षा करना है, बल्कि सामाजिक कार्यों के माध्यम से समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाना भी है।

## नवोदय में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों का हुआ सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरूद

पीएमश्री जवाहर नवोदय विद्यालय कुरूद में प्रतिभा सम्मान कार्यक्रम के तहत सीबीएसई बोर्ड परीक्षा के बारहवीं विज्ञान परीक्षा में विद्यालय में सर्वोत्कृष्ट स्थान प्राप्त करने पर नुपूर शर्मा को पुरस्कृत किया गया। साथ ही अविनाश बेहरा 10वीं बोर्ड परीक्षा में सर्वोत्कृष्ट स्थान प्राप्त करने वाले को समाज के गणमान्य व्यक्तियों के समक्ष पुरस्कृत किया गया। इन दोनों छात्र- छात्राओं ने अपनी मेहनत और



अपनी पढ़ाई की योजना के बारे में बताया। दोनों ने प्राचार्य मनोज विद्यार्थी, उपप्राचार्य परमानंद एवं गणमान्य व्यक्तियों का आभार प्रकट किया।

कार्यक्रम में डा. अशोक शर्मा, देवव्रत साहू उपाध्यक्ष नपं, मनीष साहू पार्षद, रमेश साहू पूर्व पार्षद, आशीष शर्मा अध्यक्ष ब्लाक कांग्रेस कमेटी, रवि शर्मा, अश्वनी शर्मा, कोमल शुक्ला, कल्याणी शर्मा, गायत्री शर्मा, लक्ष्मीकांत द्विवेदी, रूद्रांश साहू, गौरव साहू, सुनीता बेहरा, युक्ति शर्मा उपस्थित रहे।

## नगर इकाई साहू समाज सचिव को दी गई विदाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंवरी

नगर इकाई साहू समाज में करीब 7 साल तक सचिव का पदभार संभाले चंद्रप्रकाश साहू को सामाजिकजनों ने विदाई दी। इस अवसर पर नवनियुक्त अध्यक्ष डामेश साहू ने कहा कि चंद्रप्रकाश ने अपने कार्यकाल में समाज के अंदर एकजुटता लाने अथक प्रयास किया। भवन में बिजली, पानी, सीसी रोड, रंग-रोगन, नया भवन,



बॉउंड्रीवाल अहाता का निर्माण कराया। उनके कार्यकाल में समाज का काफी उत्थान हुआ। उनके कार्य को समाज हमेशा याद रखेगा। चंद्रप्रकाश साहू को शील्ड, नारियल एवं शाल भेंटकर विदाई दी गई।

### ग्रामीणों को अपने ही गांव में मिल रही है योजनाओं की जानकारी

## बंजारी में बना नवीन ग्राम पंचायत भवन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

ग्रामीणों को छोटी-छोटी जरूरतों और जानकारियां लेने के लिए अब गांव से दूर जाने की जरूरत नहीं है। ग्राम पंचायत भवन के जरिए ग्रामीण अपने ही गांव में इन सारी सुविधाओं का लाभ ले सकते हैं। शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं और उनके क्रियान्वयन के बारे में भी ग्राम पंचायत भवन में जानकारी मिल जाती है। गांव में पंचायत भवन के होने से समय-समय पर जानकारियां तो मिल जाती हैं, बल्कि अपने गांव में ही समस्याएं, मांगें और शिकायत संबंधी बातें रखने एवं उनका




समाधान भी प्राप्त किया जा सकता है। इन्हीं बातों को ध्यान में रख जनपद पंचायत धमतरी के ग्राम बंजारी में नवीन ग्राम पंचायत भवन का निर्माण किया गया है। इसका निर्माण मनरेगा योजना के साथ मुख्यमंत्री समग्र ग्रामीण विकास योजना के माध्यम से किया गया है। कुल 14 लाख 44 हजार रूपये की लागत से नवीन ग्राम पंचायत भवन का निर्माण किया गया। मनरेगा योजना से 13 लाख 44 हजार रूपये व 15 वें वित्त से एक लाख रूपये अभिसरण की राशि से किया गया है। नवीन ग्राम पंचायत भवन में पंचायत के निर्वाचित प्रतिनिधि और पंचायत स्तर के कर्मियों, अभिलेखों के रख-रखाव के लिए स्थान के साथ ही स्टोर, बैठकों के लिए हाल, कम्प्यूटराईज्ड सेवा प्रदान करने के लिए सेवा केन्द्र एवं शौचालय का निर्माण किया गया है। ग्राम पंचायत भवन के बनने से पंचायतों को अपने कार्य संचालन में जन-सामान्य के प्रति उत्तरदायी बनने और कार्यकलापों की पारदर्शिता सुनिश्चित करने में सुविधा होती है।

## सिहावा स्कूल में समर कैंप का समापन

- बच्चों ने फीडबैक में बताया, योग हमारे जीवन का आधार है

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नगरी

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सिहावा के प्राचार्य एसआर साहू के नेतृत्व में 15 मई तक आयोजित समर कैंप का समापन हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती माता की पूजा-अर्चना से हुआ। शुरुआत में योग एवं मेडिटेशन हुआ। 15 दिन तक चले समर कैंप में बच्चों से फीडबैक लिया गया। बच्चों ने बताया कि हमने अपने शिक्षकों से काफी कुछ सीखा जो जीवन में बहुत काम आयेगा। योग हमारे जीवन का आधार है। इसे हमें प्रतिदिन करना चाहिए। स्वच्छता



एवं पर्यावरण संरक्षण जैसे महत्त्वपूर्ण बातों पर बच्चों से चर्चा की गई। बच्चों को बताया गया कि गर्मी की छुट्टियों में भी हम कुछ महत्त्वपूर्ण विषयों की अच्छी तैयारी कर सकते है। समय का अच्छा सदुपयोग हो सकता है। इसके अलावा अन्य महत्त्वपूर्ण बिंदुओं पर बच्चों से चर्चा की गई जो छात्र जीवन के लिए बहुत उपयोगी हो सकती है।

समर कैंप के समापन अवसर पर संस्था के व्याख्याता मुकेश यदु, नीलकमल ठाकुर, तिलेश्वरी अटल, दुष्यंत पुजारी, गोविंद नारायण साहू समेत अनेक विद्यार्थी

**निधन**

### मोहन रात्रे



**मगरलोड।** ग्राम खिसोरा निवासी मोहन रात्रे का 15 मई गुरुवार को निधन हो गया। वे जयंत कुमार रात्रे व कौशल कुमार रात्रे के पिता थे। उनके अंतिम संस्कार में सामाजिकजन एवं ग्रामवासी शामिल हुए।

### पार्वती पटेल

**धमतरी।** ग्राम सिवनीखुर्द बाजारपारा निवासी पार्वती पटेल 75 वर्ष का निधन हो गया। वह खेमू पटेल की मां व योगेश कुमार पटेल की दादी थीं। उनकी अंतिम यात्रा में बड़ी संख्या में ग्रामीण शामिल हुए।

## खबर संक्षेप

### बिजली गिरने से युवक की हुई मौत, मर्ग कायम

**कांकेर।** दुधावा चौकी अंतर्गत 30 वर्षीय राजकुमार वैध का आकाशीय बिजली गिरने से मौत हो गई। शामतरा निवासी भागबली वैध ने पुलिस को बताया कि मृतक 15 मई को आम पेड़ के नीचे था। तभी आकाशीय बिजली गिरने से उसकी मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना में लिया है।

### अस्पताल में नाबालिग की मौत, मर्ग कायम

**कांकेर।** कोरर थाना क्षेत्र के 16 वर्षीय देवलाल का ईलाज के दौरान जिला अस्पताल में मौत हो गई। अस्पताल के वार्ड बॉय ने अस्पताली मेमो पेश कर पुलिस को बताया कि मृतक का स्वास्थ्य खराब होने पर ईलाज के लिए अस्पताल में लाया गया था, जिसका ईलाज के दौरान 14 मई को मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना में लिया है।

### अज्ञात का शव बरामद, शिनाख्त में जुटी पुलिस

**कांकेर।** थाना कांकेर अंतर्गत साहू बीमा केंद्र के सामने बारमदा में 15 मई को अज्ञात व्यक्ति का शव मिला। शव के बारे में जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को अपने कब्जे में लिया। गोविंदपुर निवासी सुनील कुमार यादव ने पुलिस को बताया कि एक अज्ञात व्यक्ति जिसकी उम्र 40-45 वर्ष जो मटमैला रंग का शर्ट व सफेद पैजामा पहना हुआ है, मृत अवस्था में पड़ा हुआ है। पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना में लिया है।

### 209 कुष्ठ रोगियों के उपचार व बचाव पर चर्चा

**जगदलपुर।** जिला स्तरीय कुष्ठ समीक्षा बैठक का आयोजन डॉ. संजय बसाक के निर्देश, जिला कुष्ठ अधिकारी डॉ. वीरेंद्र ठाकुर के मार्गदर्शन में गुरूवार को लेप्रा सोसाइटी एवं जिला स्वास्थ समिति के सहयोग से संपन्न हुआ। बस्तर जिला में वर्तमान में उपचाररत 209 रोगियों के उपचार एवं विकृति अक्षमता से बचाव के लिए उपलब्ध सुविधाओं सहित नए रोगियों को खोजने के माध्यमों पर चर्चा की गई। लेप्रा सोसाइटी द्वारा दी जा रही निशुल्क सेवाओं और भविष्य में कुष्ठ रोगियों को सही समय पर निदान उपचार पर पीपीटी के माध्यम से अपना प्रेजेंटेशन प्रस्तुत किया। बस्तर जिला में कुष्ठ की वर्तमान स्थिति एवं विकासखंड में आ रही परेशानियों को दूर करने सुझाव भी दिए गए। इस अवसर पर लेप्रा सोसाइटी से डॉ. नवीन सेटल स्टेट कोऑर्डिनेटर, एमएन साहू प्रोजेक्ट ऑफिसर, आदित्य डाक्यूमेंट ऑफिसर, एसके पांडे दरभा, सुजय चंद किलेपाल, लेप्रा सोसाइटी से कु. पिंकी मांझी, कु. भवानी पुजारी, श्रीमती तमन्ना भतरा ने समीक्षा बैठक में शामिल रहे।

### श्रवण यंत्र पाकर कोटवार दशरथ की जिंदगी में आया सुनहरा बदलाव

**कांकेर।** सुशासन शिविर के माध्यम से ग्राम पंचायत रानीडोंगरी निवासी कोटवार दशरथ लाल मंडावी की जिंदगी में नई रोशनी आई है। आज चारामा विकासखण्ड के ग्राम हाराडुला में आयोजित समाधान शिविर में उन्हें श्रवण यंत्र प्रदान किया गया, जिससे अब उन्हें सुनने में किसी भी प्रकार की परेशानी नहीं होगी। कोटवार ने बताया कि उन्होंने सुशासन तिहार के दौरान ग्राम पंचायत रानीडोंगरी में आवेदन प्रस्तुत किया था। लंबे समय से सुनने में तकलीफ के कारण उन्हें कार्यस्थल और दैनिक जीवन में कई कठिनाइयों का सामना करना पड़ता था।

### दो पिकअप में हुई भीषण भिड़ंत, महिला की हुई मौत

**कांकेर।** हल्बा चौकी अंतर्गत हल्बा तालाब मोड़ के पास रोड पर पिकअप वाहन के पलट जाने से एक महिला को गंभीर चोट आने के कारण उसकी मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना में लिया था। विवेचना में पाया गया कि मृतिक धमतरी जिला के केरेगांव थानांतर्गत ग्रमा सियारीनाला निवासी 50 वर्षीय जगोतिन गण्डावी पति सियाराम गण्डावी 25 अप्रैल को शाम 5 बजें अपने गांव सियारीनाल के लगभग 13-14 लोगों के साथ पिकअप वाहन क्रमांक सीजी 05 एपी 7666 में सवार होकर चारामा थानांतर्गत ग्राम पण्डरीपानी में रिश्तेदार गौतम मंडावी के घर शादी टीकावन कार्यक्रम में शामिल होने आए थे।

आपात स्थिति से निपटने पुलिस ने किया बलवा ड्रील का अभ्यास

# उपद्रवी भीड़ पर पुलिस ने भांजी लाठियां, छोड़े अश्रु गैस के गोले

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी





बेकाबू उपद्रवियों की भीड़ पर पुलिस ने जमकर लाठियां भांजी। वहीं पुलिस ने भीड़ को तितर-बितर करने अश्रु गैस के गोले भी छोड़े। इस तरह की आपात स्थिति से निपटने के लिए पुलिस जवानों ने बलवा ड्रील का अभ्यास किया।

विपरीत परिस्थितियों पर उग्र हो रहे प्रदर्शनकारी व दंगाईयों से निपटने और शांति व्यवस्था नियंत्रित करने के उपायों को नजर में रखते हुए एसपी सूरज सिंह परिहार के निर्देशन में शुक्रवार को रक्षित केन्द्र रूद्री के परेड ग्राउण्ड में पुलिस जवानों द्वारा बलवा ड्रील का अभ्यास किया गया। इस दौरान पुलिस व पब्लिक पर पथराव कर रहे दंगाईयों को तितर-बितर कर नियंत्रित करने का अभ्यास किया गया। रक्षित निरीक्षक दीपक शर्मा द्वारा बलवा मॉक ड्रील रिहर्सल परेड में पुलिस जवानों की अलग-अलग टीम बनाई गई जिसमें टिमर गैस पार्टी, केन पार्टी, लाठी पार्टी, राइफल पार्टी व मेडिकल पार्टी को अपना-अपना कार्य तय कर दिशा-निर्देश दिया गया। इसके बाद विभिन्न मांगों को लेकर प्रदर्शन कर रहे लोगों से पुलिस ने बात की एवं समझाने का प्रयास किया लेकिन प्रदर्शनकारियों की भीड़ अचानक उग्र हो गई और पुलिस पर पथराव करने लगी जिसे देख पुलिस ने पहले उन्हें चेतावनी दी। मॉक ड्रील के दौरान बलवाइयों के नहीं मानने पर पुलिस ने अश्रु गैस के गोले दागे। इसके बाद भी प्रदर्शनकारी सार्वजनिक सम्पत्ति को नुकसान पहुंचाते रहे। तब पुलिस ने एनाउसमेन्ट कर प्रदर्शनकारियों को चेतावनी दी। भीड़ को उग्र होता देख पुलिस टीम द्वारा लाठी चार्ज किया गया। बेकाबू भीड़ को रोकने एवं सार्वजनिक सम्पत्ति को नुकसान से बचाने मजिस्ट्रेट के आदेश के बाद 5 राउण्ड फायर किया गया। फायरिंग में कुछ प्रदर्शनकारी घायल हो गए। वहीं कुछ पुलिसकर्मी भी घायल हुए। घायलों को उपचार के लिए तत्काल एम्बुलेंस से अस्पताल पहुंचाया गया।

इस दौरान एएसपी शैलेन्द्र पाण्डेय नगरी एसडीओपी, डीएसपी भावेश साव, कुरूद एसडीओपी रागिनी मिश्रा, रक्षित निरीक्षक दीपक शर्मा सहित कोतवाली, भखारा, रूद्री, सिहावा के थाना प्रभारी सहित पुलिस अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

#### अधिकारी-कर्मचारी ने निभाई प्रदर्शनकारियों व पुलिस की भूमिका

इस बलवा मॉकड्रील में प्रदर्शनकारी व पुलिस की दोनों की भूमिका पुलिस अधिकारी व कर्मचारियों द्वारा निभाई गई। कानून व्यवस्था को ध्यान में रखते हुए विपरीत परिस्थितियों पर भीड़ को नियंत्रित करने व सुरक्षा बलों को प्रशिक्षण देने और अपनी क्षमता की परख करने के लिए समय-समय पर इस तरह की मॉकड्रील आयोजित की जाती है।

#### बलवा मॉक ड्रील की एसपी ने की समीक्षा

पुलिस अधीक्षक ने बलवा मॉक ड्रील की समीक्षा कर उपस्थित अधिकारी-कर्मचारियों से बलवा ड्रील से संबंधित प्रश्न पूछे। सही जवाब देने वाले एएसआई प्रेमलाल सिन्हा, उत्तम निषाद, आरक्षक रूपेन्द्र साहू, महिला आरक्षक सुनीता साहू को उत्साहवर्धन के लिए 100-100 रूपए का नगद इनाम एवं एएसआई विरेन्द्र बैस व आरक्षक गणपत साहू की प्रशंसा दी गई।

# झमाझम बारिश से मौसम हुआ सुहाना

- किसानों की बढ़ी मुसीबत, मिंजाई-कटाई का काम अटका

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

जिले में एक बार फिर मौसम ने करवट ली है। सुबह से ही बादलों की गड़गड़ाहट शुरू हो गई थी। शाम को झमाझम बारिश हुई। इस बारिश से जहां मौसम सुहाना हो गया है, वहीं किसानों की मुसीबत बढ़ गई है। कई किसान कटाई मिंजाई में जुटे हैं, जिनको इस बारिश से काफी नुकसान हुआ है।

पिछले कई साल की अपेक्षा इस साल मौसम का मिजाज कुछ बदला- बदला है। पिछले करीब 20 दिनों से हवा, तूफान और बारिश वाला मौसम बना हुआ है। दो दिन पहले ही मौसम में थोड़ा सुधार आया था। शुक्रवार शाम को फिर झमाझम बारिश हुई। इस बारिश से जहां तेज गर्मी से लोगों को राहत मिली है, वहीं किसानों की मुसीबत बढ़ गई है। कई किसान धान मिंजाई की तैयारी में थे। खेतों में पानी भर जाने से अब दो तीन दिन तक मिंजाई कार्य रूकने की संभावना है। कई किसानों ने मिंजाई करवाई थी, उनका धान भीग गया है। धूप नहीं होने से धान को सूखने में भी काफी वक्त लग रहा है।

#### इसलिए मौसम खराब

पश्चिम मध्य बंगाल की खाड़ी और उससे सटे उत्तरी तटीय आंध्रप्रदेश के उपर औसत समुद्र तल से डेढ़ किमी हवा का चक्रवाती परिसंचरण बना हुआ है, जिसके असर से प्रदेश में बारिश हो रही है। कुछ दिनों तक मौसम के खराब रहने की संभावना है। शनिवार को भी प्रदेश के एक दो स्थानों पर गरज- चमक के साथ बारिश होगी। इससे बस्तर क्षेत्र ज्यादा प्रभावित है।

# एनएसयूआई ने हाथों में तख्ती लेकर किया प्रदर्शन



- भारतीय जनता पार्टी की दलित विरोधी मानसिकता का किया विरोध

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

एनएसयूआई धमतरी के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने पीजी कॉलेज धमतरी परिसर में दलित और अल्पसंख्यक विरोधी मानसिकता के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन किया। कार्यकर्ताओं ने कहा कि राहुल गांधी को बिहार में दलित छात्रों से मिलने से रोका गया और बाद में एफआईआर दर्ज की गई। यह बीजेनी जेडीसू आरएसएस की तानाशाहीपूर्ण और संकीर्ण सोच को उजागर करता है।

एनएसयूआई कार्यकर्ताओं ने आरएसएस की प्रतीकात्मक प्लेकार्ड्स के माध्यम से इस मानसिकता का विरोध दर्ज किया। यह प्रदर्शन राष्ट्रीय अध्यक्ष वरुण चौधरी, प्रदेश प्रभारी आकाश चौधरी, प्रदेश अध्यक्ष नीरज पांडे, एवं जिलाध्यक्ष राजा देवांगन के मार्गदर्शन में किया गया। एनएसयूआई कार्यकर्ताओ ने कहा कि यह देश सबका है और जब दलित, पिछड़े, और अल्पसंख्यक वर्गों को दबाने की कोशिश होती है, तब एनएसयूआई एकजुट होकर आवाज़ बुलंद करेगी। इस दौरान नमन बंजारे, नोमेश सिन्हा, सुदीप सिन्हा, चिंतेद्र साहू, मनीष साहू, धर्मेंद्र पटेल, अजय, विनय, राकेश, विकासn, आशीष समेत दर्जनों कार्यकर्ता उपस्थित थे। यह कार्यक्रम पीजी कॉलेज एनएसयूआई यूनिट द्वारा आयोजित की गई।

# धमतरीवासियों को जल्द मिलेगी बॉक्स क्रिकेट खेलने की सुविधा

- एकलव्य खेल मैदान में लगेगा बॉक्स क्रिकेट केज
- कलेक्टर ने किया स्थल निरीक्षण, एक माह में काम पूरा करने के दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी





शहरवासियों को जल्द ही एक नए तरह के मनोरंजन की सुविधा मिलने वाली है। नगर के एकलव्य खेल मैदान में जल्द ही बॉक्स क्रिकेट खेल के लिए आधारभूत संरचना और व्यवस्थाएं स्थापित होने वाली हैं। कलेक्टर अबिनाश मिश्रा की पहल पर शहर के एकलव्य खेल मैदान में 100 80 वर्गफीट जगह पर सुसज्जित बॉक्स क्रिकेट केज बनेगा। इसके लिए कलेक्टर ने नगर निग आयुक्त श्रीमती प्रिया गोयल के साथ स्थल निरीक्षण किया। उन्होंने बॉक्स क्रिकेट केज का काम जल्द शुरू करने के लिए सभी औपचारिकताएं पूरी करने के निर्देश निगम आयुक्त को दिए। कलेक्टर ने इस काम को एक से डेढ़ महीने के भीतर पूरा करने को भी कहा।

कलेक्टर ने बताया कि धमतरी शहर में बॉक्स क्रिकेट की सुविधा मिल जाने से मनोरंजन का एक नया साधन जुड़ जाएगा। शहरीकरण के बढ़ने और जगह की कमी के कारण क्रिकेट के इस तेज-तर्रार इंडोर संस्करण में लोगों की काफी रूचि है। धमतरी के क्रिकेट खेल प्रेमी लंबे समय से ऐसी सुविधा की बाट जोह रहे थे। अब उनका यह इंतजार खत्म हो जाएगा। अपने कामकाज के बाद सुबह-शाम या छुट्टियों के दिन परिवार के साथ भी लोग धमतरी में ही क्रिकेट के खेल का रोमांच महसूस कर सकेंगे। कलेक्टर ने यह भी बताया कि बॉक्स क्रिकेट समय की प्रतिबद्धता से निकलकर लोगों को कम समय में भी क्रिकेट के माध्यम से शारीरिक गतिविधियों को बढ़ाने में सहायता करता है। यह बढ़ते शहरीकरण के कारण आउटडोर क्रिकेट का एक अच्छा विकल्प है। राजधानी रायपुर सहित देश-प्रदेश के अन्य महानगरों में भी बॉक्स क्रिकेट-टर्फ क्रिकेट तेजी से लोकप्रिय हो रहा है।

### बीसीएस पीजी कालेज में प्रायोगिक मॉडल का प्रदर्शन

**धमतरी।** बीसीएस शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय के एमएससी चतुर्थ सेमेस्टर भौतिकी प्रायोगिक परीक्षा के दौरान छात्र-छात्राओं व्दारा प्रायोगिक मॉडल का प्रदर्शन किया गया जिससे ग्रुप एक से फनेश्वरी, भूमिका, सुषमा, गुलशन व्दारा ऑटोमेटिक डिमर बनाया गया, जो दैनिक जीवन में लाइट को एडजस्ट करता है। लाइट की खपत को कम करेगा। ग्रु-दो से सुषमा, हर्ष, मनीष, टीकम व्दारा ऑपरेशन एम्लियर बनाया गया जिसे डिजिटल कैलकुलेटर, लाइट स्पीकर में प्रयोग किया जाता है। ग्रुप तीन से प्रीति कुमारी एवं ताराचंद ने थेवेनिन मॉडल प्रस्तुत किया। ग्रुप चार से पुनेश्वर, माधुरी, भूपेन्द्र, सुमन, अंजलि ने फ्लिप फ्लाप बनाया। इसका प्रयोग स्टोरेज डिवाइस के रूप में होना है।

# निगम अधिकारी-कर्मचारी कल्याण संघ के मंगलू अध्यक्ष, कामता सचिव बने



हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

नगर पालिक निगम के अधिकारी, कर्मचारी कल्याण संघ शाखा धमतरी का चुनाव हुआ। पदाधिकारियों का चुनाव प्रदेश उपाध्यक्ष मो. शेरखान, संरक्षक पीसी सार्वा की उपस्थिति में हुआ, जिसमें सरंक्षक पीसी सार्वा, सलाहकार महेन्द्र सिंह जगत, दीपक शर्मा, अध्यक्ष मंगलू निर्मलकर, कार्यवाहक अध्यक्ष रोशन लोंढे, उपाध्यक्ष संजय गुप्ता, कमलेश ठाकुर, महामंत्री नितिन बनवासी, प्रमेश पेंदरिया, सचिव कामता प्रसाद, सहसचिव कमल सिन्हा, कोषाध्यक्ष लोमश देवांगन, संगठन मंत्री सुनील सालुके हैं।

कार्यकारिणी सदस्यों में नमिता नागवंशी, नीरज देवांगन, मनोजन देवांगन, कमल नारायण देवांगन, नरेन्द्र साहू, विकास ग्वाल, सामर्थ रणसिंह, राजेन्द्र यादव, मो. इशहाक, पुरूषोत्तम प्रजापति, दीपक पांडे, हेमंत यादव, गिरधर साहू, चैतन्य चंदेल, धर्मेश शिंदे, मुन्नालाल शेन्द्रे, आलोक तिवारी, सत्यम मूर्ति नाडेम, पंचराम सिन्हा, पुष्पा ठाकुर, लता चौबे, खिलावन रजक, नीलेश कोर्राम, कंचन किरण, सरिता सोना, भगवती यादव शामिल हैं।

# शिक्षा के सहारे ला सकते हैं अर्थव्यवस्था में सुधार : अजय

- विधायक ने पीजी कॉलेज कुरुद में किया 2 करोड़ के अतिरिक्त कक्ष निर्माण का भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ⏭कुरूद



संत गुरु घासीदास शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय कुरुद में विधायक अजय चंद्राकर ने बतौर मुख्य अतिथि 2 करोड़ की लागत राशि से बनने वाले अतिरिक्त कक्ष भवन का भूमिपूजन कर शिलान्यास किया। इस दौरान उन्होंने छात्र-छात्राओं को कॉलेज कैम्पस में बेहतर शैक्षिक वातावरण तैयार कर स्टार्टअप की सोच विकसित करने की बात कही।

शुक्रवार को कॉलेज परिसर में आयोजित कार्यक्रम में विधायक श्री चन्द्राकर ने बताया कि डेमोक्रेसी में जनप्रतिनिधि का दायित्व है कि वे अपने क्षेत्र का सर्वांगीण विकास करें। मैं चाहता हूं कि मेरे निर्वाचन क्षेत्र में सभी को व्यवसाय आधारित, रोजगारपरक, गुणवत्ता पूर्ण एवं सस्ती शिक्षा मिले। यहां का जीईआर 50 फीसदी हो। कक्षा 8 वीं से 12 वीं और बारहवीं से कालेज तक जो गेप है वो शत-प्रतिशत हो। उन्होंने केरल और गुजरात का उदाहरण देते हुए बताया कि इन राज्यों की इकोनॉमी शिक्षा से बढ़ी है। कुशल मानव संसाधन तैयार कर दूसरे देशों में अपने लोगों को भेजते हैं जिससे इन्हें विदेशी मुद्रा प्राप्त होती है। कुरुद कॉलेज में 19 विषय है। हम चाहें तो यहां भी शिक्षा के सहारे अर्थव्यवस्था में वृद्धि या सुधार ला सकते हैं। इसके लिए हमें अपने माइंड सेट अप और दृष्टिकोण में बदलाव लाना होगा।

मौके पर जिला पंचायत उपाध्यक्ष गौकरण साहू, जनपद अध्यक्ष गीतेश्वरी साहू, विधायक प्रतिनिधि भानु चन्द्राकर, मालकराम साहू, जनभागीदारी समिति अध्यक्ष टिकेश साहू, जनभागीदारी समिति के महेश केला, सुरेश वर्धयानी, भारतभूषण पंचायन, आराधना साहू, प्रभात बैस, भूपेंद्र, मनीष, शशांक कृदत्त, टीकम, अविनाश, टीकम, खेमराज, ममता साहू सहित कॉलेज स्टाफ एवं विद्यार्थी मौजूद थे।

#### रोजगार का मतलब सिर्फ सरकारी नौकरी नहीं

अजय चंद्राकर ने कहा कि रोजगार का मतलब सरकारी नौकरी ही नहीं होता, सरकारी प्रयास की एक सीमा होती है। आप जिस फील्ड में हो उसकी पूरी जानकारी होनी चाहिए। इसके लिए पढ़ने लिखने एवं जानने की इच्छा होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि सिर्फ भजिया बनाने व खाने से ऊपर के दृष्टिकोण हो तो बेहतर पैकेजिंग व मार्केटिंग कर भी छोटे से स्टार्टअप किया जा जा सकता है। यह एक उदाहरण मात्र है । आगे बढ़ने अनेक संभावना भी विकसित की जा सकती है। इसके लिए हम कुरुद में रोजगारपरक शिक्षा उपलब्ध कराने प्रयासरत हैं बशर्ते अपने आप को इसके अनुरूप अद्यतन रखना जरूरी है।

#### महानगरों की तर्ज पर मिल रही है शिक्षा

कॉलेज के प्राचार्य एके मिश्रा ने स्वागत भाषण में कहा कि कुरुद जैसे छोटे शहर में महानगरों की तर्ज पर शिक्षा सुविधाएं मिल रही हैं जिसका श्रेय यहां की दूरदृष्टि सोच रखने वाले नेतृत्व कर्ता विधायक चंद्राकर को जाता है। उन्होंने आश्वस्त किया कि शासन-प्रशासन का इसी तरह सहयोग मिलता रहे तो यहां संचालित पीजी के सभी विषयों में शोध के कार्य भी सम्पादित होंगे। जनभागीदारी समिति के पूर्व अध्यक्ष भोजराज चंद्राकर ने बताया कि स्थानीय विधायक के सहयोग से यह महाविद्यालय नीत नया आयाम तय कर रहा है। आने वाले समय मे पीजी कॉलेज राष्ट्रीय पटल में फिर से विशिष्ट पहचान स्थापित करेगा।

उपतहसील सिर्री में क्षेत्र के युवा उच्च शिक्षा प्राप्त करेंगे

# नवीन महाविद्यालय सिर्री के लिए 34 पद सृजित

- भाजपा सिर्री मंडल ने विधायक अजय चंद्राकर के निवास रायपुर पहुंचकर आभार जताया

हरिभूमि न्यूज ⏭सिर्री



सिर्री में नवीन महाविद्यालय के लिए इसी शिक्षा सत्र से कुल 34 पदों के सृजन की स्वीकृति मिलने से सिर्री सहित क्षेत्र के युवा, विद्यार्थियों सहित ग्रामीणों में खुशी की लहर दौड़ गई है। भाजपा सिर्री मंडल ने नवीन महाविद्यालय के विभिन्न पदों के सृजन की स्वीकृति का स्वागत करते हुए विधायक अजय चंद्राकर के रायपुर के निवास स्थान पर पहुंचकर उन्हें पुष्प गुच्छ भेंटकर आभार व्यक्त किया।

विधानसभा कुरूद के ग्राम सिर्री विधायक कुरूद अजय चंद्राकर के प्रयास से शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क आदि के विकास के साथ ही निरंतर नए आयामों को छू रहा है। सिर्री में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, बिजली ऑफिस ( सब स्टेशन) की सुविधा तो क्षेत्र के लोगों को मिल ही रही है। इसके अलावा विधायक के प्रयास से सिर्री में शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण केंद्र खुलवाया गया जिससे क्षेत्र के दर्जनों गांवों के विभिन्न प्रशिक्षणार्थियों को वर्तमान में ट्रेनिंग दी जा रही है। पश्चात सिर्री को उपतहसील का दर्जा दिलाया गया। प्रत्येक गुरुवार को तहसील कोर्ट जारी है और अब सिर्री में नवीन महाविद्यालय की घोषणा हुई थी ताकि युवाओं को उच्च शिक्षा की पढ़ाई हेतु 15 से 17 किलोमीटर दूर नहीं जाना पड़े। अब शिक्षण सत्र जल्द शुरू करने के उद्देश्य को गंभीरता से लिया। वर्तमान में नवीन महाविद्यालय की स्वीकृति के पश्चात नवीन महाविद्यालय के इसी सत्र से संचालन हेतु 34 विभिन्न पदों के सृजन की स्वीकृति ने विकास की रफ्तार बढ़ा दी है। इसमें प्राचार्य से लेकर चपरासी तक के पद शामिल हैं।

इस अवसर पर गौकरण साहू उपाध्यक्ष जिपं धमतरी, भानु चंद्राकर भाजपा सिर्री मंडल प्रभारी , डॉ लोकेश साहू मंडल अध्यक्ष, गौरव भोसले महामंत्री, थानेश्वर तारक महामंत्री, पुष्पेंद्र साहू पूर्व मंडल अध्यक्ष तथा भाजपा के वरिष्ठजन घनश्याम साहू, गुल्फीराम साहू, सीतेश्वर सिन्हा, सालिक राम साहू, देवेंद्र साहू, कामता प्रसाद साहू, टकेश्वर चंद्राकर सिवनीकला, विश्राम सिन्हा, उत्पल घिवरिया, टीकाराम, योगेश साहू, नारायण साहू, रमेश भतपहरी, एविश वर्मा, डॉ दुलार सिंह, रूपचंद देवांगन प्रतिनिधि सभापति जनपद पंचायत कुरूद, सुनील गायकवाड, त्रिलोचन साहू, पूरनलाल घृतलहरे सरपंच अछोटी, जयमित्र साहू सरपंच गोजी, नरेंद्र ध्रुवंशी, योगेश साहू, सहित अन्य भाजपाई एवं ग्रामीणों ने विधायक के विकासपरक प्रयासों के लिए आभार व्यक्त किया।

# 12वीं में मंजीत, 10वीं में रश्मि अव्वल


मंजीत वाहने


टामसन साहू


दीपांजलि सेन


रश्मि साहू

**मगरलोड।** गैलेक्सी सीनियर सेकेंडरी स्कूल मगरलोड में 12वीं बोर्ड परीक्षा में मंजीत वाहने पिता मुकुंदराव वाहने ने 86.2 प्रतिशत के साथ प्रथम स्थान प्राप्त किया। टामसन साहू पिता महेश 84.4 प्रतिशत द्वितीय तथा दीपांजलि सेन पिता अश्विनी सेन ने 74.2 प्रतिशत के साथ तृतीय स्थान प्राप्त किया। दसवीं बोर्ड परीक्षा में रश्मि साहू पिता फगुवाराम 94.6 प्रतिशत के साथ प्रथम, प्रतिभा पिता भगवानी साहू 84.8 प्रतिशत द्वितीय एवं देविका साहू पिता संजय साहू 80.5 प्रतिशत तृतीय रही। बच्चों की इस उपलब्धि पर संस्था अध्यक्ष होमन साहू, सचिव देवा साहू, पालक समिति अध्यक्ष घनश्याम बिंझेकर, प्राचार्य देवधर सिन्हा, सहायक प्राचार्य आरके निषाद, परीक्षा प्रभारी खोमन ध्रुव, एमएल साहू, टीआर धृतलहरे, एसआर साहू, प्रधानपाठक गणेश्वर साहू, एलएन साहू, जीएस साहू, एफके पटेल, एनके यादव, दीपलता साहू, पुष्पलता साहू, मीरा साहू, गीतांजलि साहू ने हर्ष व्यक्त किया है।


प्रतिभा साहू


देविका साहू

## खबर संक्षेप

### गौतम बने भखारा मंडल महामंत्री



**अंवरी।** भारतीय जनता पार्टी भखारा मंडल की कार्यकारिणी गठन किया गया। गौतम जैन को भखारा मंडल का महामंत्री बनाया गया है। अध्यक्ष रवि सिन्हा, यशोदा साहू, खिलेश्वरी बैस, नितेश सिन्हा, हरख जैन, विष्णु साहू, अविनाश गौर, मेघनाथ साहू , हितेंद्र साहू, लीलाधर निषाद , भूमिका सोन, सेवक राम पटेल , रामकृष्ण नेताम ने हर्ष जताया है।

### सिविल डिफेंस की मिलेगी ट्रेनिंग

**धमतरी।** वर्तमान परिप्रेक्ष्य में भारत की सीमाओं पर हो रहे घटनाक्रम को देखते हुए जरूरत पड़ने पर देश की सेवा करने सिविल डिफेंस वॉलिंटियर्स का पंजीयन माय भारत पोर्टल पर शुरू हो गया है। भारत के सभी 18 से 50 वर्ष आयु के नागरिक इसके लिए अपना पंजीयन करा सकते हैं। पंजीयन माय भारत पोर्टल की लिंक माईभारत डाट जीओवी डाट इन पर किया जा सकता है। इसके साथ ही धमतरी के जिला सेनानी एवं जिला अग्निशमन अधिकारी कार्यालय में भी इसके लिए पंजीयन कराया जा सकता है। इस रजिस्ट्रेशन के बाद पंजीकृत लोगों को सिविल डिफेंस प्रशिक्षण दिया जाएगा, जिसके लिए 2 रंगीन पासपोर्ट साइज फोटो, शैक्षणिक योग्यता प्रमाण-पत्र की फोटो कॉपी, आधार कार्ड की फोटोकॉपी प्रस्तुत करनी होगी।

### सरसोंपुरी में जल का प्रबंध करने की मांग

- आधी बस्ती में पानी की किल्लत : उपसरपंच

**धमतरी।** ग्राम पंचायत बिजनापुरी के उपसरपंच खेमलाल साहू ने कलेक्टर, एसडीओ पीएचई को पत्र लिखकर मांग की है कि बिजनापुरी के आश्रित ग्राम सरसोंपुरी में जल प्रबंध की व्यवस्था तत्काल की जाए, ताकि लोगों को पेयजल के लिए भटकना न पड़े। श्री साहू ने प्रेषित पत्र में कहा कि ग्राम सरसोंपुरी में 2020-21 में जल जीवन मिशन घर-घर जल एकल ग्राम जल प्रदाय योजना के तहत 83.55 लाख रूपए की लागत से पानी टंकी और सौर उर्जा के माध्यम से ग्राम में पाइपलाइन बिछाकर कार्य किया गया था। लेकिन इस योजना से आधे गांव में ही पानी की आपूर्ति हो रही है। गांव के वार्ड क्रमांक 12, 13 एवं 14 में पानी की किल्लत है। पानी के लिए लोगों को दूसरे वार्डों में जाना पड़ रहा है। गांव के कुछ व्यक्ति द्वारा जलप्रदाय पाइपलाइन का वाल्व बंद कर दूसरे वार्ड में पानी ले जाने की शिकायत मिली है। ऐसे दोषी व्यक्तियों के खिलाफ कार्रवाई होनी चाहिए। इस भीषण गर्मी में वार्डवासियों को पेयजल की व्यवस्था कराएं। श्री साहू ने कहा कि शिकायत के बाद 15 दिन के अंदर निराकरण नहीं होने पर ग्रामवासियों द्वारा कलेक्टर कार्यालय का घेराव किया जाएगा, जिसकी संपूर्ण जवाबदारी विभाग की होगी।



### डूब प्रभावित परिवारों ने बोरिया बिस्तर के साथ गांधी मैदान में दिया धरना

# दिन में हड़ताल, रात में मच्छर व गर्मी से सामना

**स्वास्थ्य खराब होने पर एसडीएम ने एम्बुलेंस मंगवाई, टीम ने की स्वास्थ्य जांच**

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

गंगरेल व दुधावा बांध निर्माण के बाद डूब प्रभावित अपने हक को लेकर विगत 55 सालों से संघर्ष कर रहे हैं। लगभग 6 हजार प्रभावित परिवारों में से महज 150-200 लोगों को ही मुआवजा मिला है। 55 साल बाद भी इन परिवारों के पक्ष में कोई फैसला नहीं हो पाया है। नाराज परिवार साल दर साल संघर्ष करते रहे, इनमें से कई का निधन हो गया। कई परिवार दूर गांव में जाकर निवास करने लगे हैं फिर भी हक की लड़ाई लड़ रहे हैं। लगभग 56 गांव के प्रतिनिधि पिछले तीन दिनों से स्थानीय गांधी मैदान में अनिश्चितकालीन आंदोलन पर बैठे। राशन, पानी, कपड़ा, बिछौना, बर्तन लेकर रात में भी गांधी मैदान में रूके रहे। स्ट्रीट लाइट में खाना बनाकर खाया। बिना छत और बिना लाइट पंखे के खुले आसमान के नीचे सोए। मच्छर, गर्मी से हलाकान परिवारों को रतजगा करना पड़ा। इस दौरान कुछ सदस्यों का स्वास्थ्य खराब हो गया जिसकी जानकारी एसडीएम पीयूष तिवारी को लगते ही हड़ताल स्थल पर जाकर उनका हालचाल पूछा और शासकीय अस्पताल फोन कर तत्काल उपचार के लिए एम्बुलेंस मंगवाई। गुरूवार की रात्रि में ही धरनारत परिवारों का चेकअप हुआ एवं दवाइयां दी गई।

गुरूवार की रात्रि 9:30 बजे हरिभूमि की टीम ने गांधी मैदान पहुंचकर जायजा लिया। आंदोलनरत परिवार अशोक मरकाम, चैनसिंह मरकाम, भगवान सिंह साहू, रामनाथ, बंशीलाल साहू ने बताया कि गांधी मैदान में करीब 300 सदस्य रूके हैं जो सभी 56 गांवों के प्रतिनिधि हैं। गंगरेल, दुधावा बांध डूब प्रभावित परिवार हैं। 55 साल बाद भी उन्हें मुआवजा नहीं मिला है। गांधी मैदान में तीन दिन तक आंदोलन किया। रात में बिजली, पानी, पंखा, शामियाना, टेंट की व्यवस्था प्रशासन की ओर से नहीं थी। खुले आसमान में मच्छर, गर्मी के बीच रात बिताई।





**महापौर के आश्वासन के बाद 7 दिन के लिए आंदोलन स्थगित**

गंगरेल बांध के डूब प्रभावितों ने गांधी मैदान में 3 दिन से जारी अपने अनिश्चितकालीन आंदोलन को 7 दिन के लिए स्थगित कर दिया है। महापौर रामू रोहरा से मुलाकात के बाद आंदोलन को स्थगित किया गया। महापौर ने प्रभावितों को मुख्यमंत्री से मिलवाने और चर्चा करवाने का आश्वासन दिया है। प्रभावितों को मुख्यमंत्री से चर्चा के बाद मांगें पूरी हो जाने की उम्मीद है।

# गांव-गांव, शहर-शहर तिरंगा यात्रा आज

- राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए सुबह 7 बजे रूद्री चौक से निकलेगी यात्रा



हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए नागरिक अभियान के तहत 17 मई को जिलेभर में तिरंगा यात्रा का आयोजन किया जा रहा है। इस यात्रा का उद्देश्य आमजनों में देशभक्ति की भावना जागृत करना और राष्ट्रीय सुरक्षा के प्रति जागरूकता फैलाना है। आज सुबह 7 बजे रूद्री चौक से यह यात्रा शुरू होगी। यात्रा रूद्री पुलिस परेड ग्राउंड में समाप्त होगी।

कलेक्टर अबिनाश मिश्रा ने यात्रा के आयोजन की तैयारियों के लिए अधिकारियों को जरूरी निर्देश दिए हैं। कलेक्टर ने कहा कि यात्रा गरिमामय रूप से और अनुशासन के साथ निकाली जाए। इस यात्रा में पूर्व सैनिकों, स्कूल-कॉलेज के विद्यार्थियों, एसीसी, एनएसएस, स्काउट-गाईड के साथ-साथ खिलाड़ियों, सामाजिक संस्थाओं के प्रतिनिधियों, स्थानीय जनप्रतिनिधियों एवं प्रबुंद्ध नागरिकों को भी शामिल किया गया। स्कूली विद्यार्थियों के हाथों में देशभक्ति के नारे और राष्ट्र रक्षा के प्रति उत्साहवर्धन वाले बैनर-पोस्टर हों। उन्होंने कहा कि तिरंगा यात्रा के दौरान राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए नागरिक शीर्षक वाला बैनर आगे रखा जाए और ऑपरेशन सिन्दूर का लोगो प्रमुखता से प्रदर्शित किया जाए। यात्रा के दौरान भारत की सेना, सुरक्षा बलों और अर्द्धसैनिक बलों के योगदान को प्रदर्शित करने वाले पोस्टर-प्ले काड्र्स भी प्रदर्शित किए जाएं। तिरंगा यात्रा के माध्यम से ऑपरेशन सिन्दूर को समर्थन, सेना के प्रति सम्मान एवं आभार तथा नागरिकों को राष्ट्रीय भावना जागृत करने वाले इस आयोजन को अनुशासित और संगठित ढंग से पूरा किया जाए।

# शिक्षकों को सामाजिक विज्ञान पढ़ाने की व्यावहारिक विधियां बताई



हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

अजीम प्रेमजी फाउंडेशन में तीन दिवसीय सामाजिक विज्ञान कार्यशाला का आयोजन किया गया। भीषण गर्मी के बावजूद विभिन्न क्षेत्रों से आए शिक्षकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यशाला में मास्टर ट्रेनरों द्वारा सामाजिक विज्ञान पढ़ाने की व्यावहारिक विधियां जैसे नक्शा व ग्लोब पढ़ना, पृथ्वी पर दिन-रात व ऋतु परिवर्तन की प्रक्रिया, इतिहास में टाइमलाइन की समझ और नागरिक शास्त्र में अधिकार-कर्तव्यों की चर्चा को नई दृष्टि से प्रस्तुत किया गया। शंकरदाह व आसपास के क्षेत्र से आए शिक्षकों ने इसे अत्यंत उपयोगी व प्रेरणादायक अनुभव बताया।

# किसानों को बंटेगा 300 करोड़ रुपए का ब्याजमुक्त ऋण

- फसल चक्र परिवर्तन अपनाने पर मिला उपहार, किसान खुलकर ले रहे कर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

किसानों को इस साल 300 करोड़ रुपए का कर्जमुक्त ऋण देने का लक्ष्य रखा गया है। अभी से किसानों को कर्ज वितरण शुरू कर दिया गया है। अब तक 19 प्रतिशत कर्ज दिया जा चुका है। इसके साथ ही रबी में कर्ज लेने वाले किसानों से वसूली भी की जा रही है।

रबी सीजन में किसानों ने प्रशासन की सलाह मानते हुए दलहन तिलहन की फसल पर फोकस किया। इससे खुश होकर शासन- प्रशासन ने किसानों के लिए खजाना खोल दिया है। किसानों को प्रोत्साहित करते हुए खुलकर ऋण वितरण करने की तैयारी है। वह भी बिना ब्याज के। जानकारी के अनुसार इस साल जिला सहकारी बैंक से किसानों को तीन सौ करोड़ रुपए का ऋण देने का लक्ष्य रखा गया है। मानसून की आमद से पहले ही किसानों ने खेती किसानी की तैयारी शुरू कर दी है। इसके लिए वे सहकारी समितियों में पहुंचकर ऋण भी उठा रहे हैं। अब तक 17 हजार 353 किसानों ने खेती के लिए अल्पकालीन ऋण उठाया है। किसानों को 54 करोड़ 18 लाख 47 हजार रुपए का ऋण दिया जा चुका है। इसमें से 4 करोड़ 28 लाख 47 हजार रुपए का ऋण सामग्री के रूप में दिया गया है। जबकि 54 करोड़ 18 लाख 47 हजार रुपए नकद दिए गए हैं।



फाइल फोटो

**ऋण लेने में कुरूद अव्वल**

ऋण वितरण की स्थिति देखें तो मगरलोड शाखा में सबसे ज्यादा 37 करोड़ रुपए ऋण वितरण का लक्ष्य रखा गया है। यहां पर 2 हजार 349 किसानों ने 7.96 करोड़ रुपए का ऋण लिया है। सर्वाधिक ऋण वितरण कुरुद शाखा में किया गया है। यहां पर ऋण वितरण का लक्ष्य 36 करोड़ रुपए है, जिसके विरूद्ध 2 हजार 118 किसानों ने 8.78 करोड़ का ऋण उठाया है। धमतरी शाखा में 5 करोड़, संबलपुर शाखा में 3 करोड़, नगरी शाखा में 2.68 करोड़, बड़ी करेली शाखा में 2.36 करोड़, नारी शाखा में 3 करोड़, मरौद शाखा में 5.55 करोड़, दरबा शाखा में 6.25 करोड़, भखारा शाखा में 7 करोड़ और कोर्रा शाखा में 5 करोड़ रुपए का ऋण वितरण किया गया है।

**फसल चक्र परिवर्तन पर जोर**

खरीफ सीजन में ऋण देने में किसानों के साथ कंजूसी नहीं बरती जाती है। समर्थन मूल्य पर खरीदी के दौरान ऋण की पूरी राशि वसूली जाती है। इस कारण कर्ज डूबने की आशंका काफी कम होती है। इस साल तो किसानों को फसल चक्र परिवर्तन के उपहार स्वरूप भरपूर ऋण दिया जा रहा है। ऋण का यह लक्ष्य पिछली खरीफ सीजन की तुलना में काफी अधिक है। वहीं रबी सीजन में भी किसानों को 59.38 करोड़ रुपए का ऋण दिया गया था। इस ऋण की वसूली जारी है। अब तक 10 करोड़ 62 लाख रुपए की वसूली की जा चुकी है।

# स्व. मोघे की स्मृति में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन






- नागरिकों ने रक्तदान कर स्वास्थ्य शिविर का लाभ उठाया

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

चित्रोत्पला लोक कल्याण समिति द्वारा शुक्रवार को स्थानीय नूतन स्कूल में सुबह 8 से 12 बजे तक राष्ट्रीय स्वयंसेवक के आजीवन प्रचारक रहे स्व. पांडुरंग शंकरराव मोघे की प्रथम पुण्यतिथि पर रक्तदान एवं निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर एवं निदान का आयोजन किया गया। शिविर के बाद मंचीय कार्यक्रम का आयोजन हुआ जिसमें अतिथियों ने स्व. मोघे की जीवनी पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि योग आयोग के अध्यक्ष रूपनारायण सिन्हा थे।

अध्यक्षता सनत शर्मा ने की। विशिष्ट अतिथि रामरूप दास, रामभरोसा सोनी, देवकर साहेब, योगेश्वरानंद योगी थे। सभी ने दीप प्रज्वलन कर स्व. मोघे के छायाचित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। शिविर में लोगों ने रक्तदान किया। डाक्टरों एवं स्टाफ ने मरीजों का निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण कर दवाइयां दी। मरीजों के बीपी, शुगर, खून, पेशाब की जांच की गई।



इस अवसर पर अतिथियों ने कहा कि देश के लिए स्व. पांडुरंग के योगदान को भुलाया नहीं जा सकता। वे आरएसएस के वरिष्ठ प्रचारक रहे हैं। प्रचारक रहते हुए उन्होंने पूरे देश का भ्रमण किया। आरएसएस के शीर्षस्थ लोगों का वर्षों तक सानिध्य मिला। आपातकाल के दौरान सागर में सत्याग्रह करते हुए जेल गए। रायपुर संघ कार्यालय निर्माण के दौरान उन्हें राजधानी बुलाया गया जहां वे जीवनपर्यन्त आरएसएस से जुड़े रहे और सेवा देते हुए 16 मई 2024 को ब्रम्हलीन में विलीन हो गए।

शिविर में नोहरलाल देवांगन, विशाल ब्रम्हे, दुष्यंत घोरपड़े, अनुज देवांगन, हर्षित मोहिते, सागर पवार आदि ने रक्तदान किया। इस अवसर पर भंवरलाल देवांगन, राकेश जाधव, दीपक पाठक, प्रदीप अग्रवाल, रामजी साहू, निर्मल बरडिया, शिरोमणि राव घोरपड़े, रामलखन गजेन्द्र, नोहरलाल देवांगन, शैलेष चंद्राकर, राजू तिवारी, शिवाजी साहू, बीथिका विश्वास, डॉ. केएस शांडिल्य, दीनबंधु सिन्हा उपस्थित थे।

# पीजी कालेज के अतिथि व्याख्याता महापौर से मिले



**धमतरी।** बीसीएस शासकीय महाविद्यालय के अतिथि व्याख्याताओं ने अपनी विभिन्न मांगों को लेकर रामू रोहरा प्रदेश महामंत्री भाजपा से मुलाकात की। अतिथि व्याख्याताओं ने बताया कि शासन के आदेशानुसार हमें 11 माह रखा जाना है। किंतु अधिकांश महाविद्यालय में 15 मई को कार्यमुक्त किया गया जबकि छात्र-छात्राओं का कोर्स भी पूरा नहीं हो पाया है। श्री रोहरा ने अतिथि व्याख्याताओं की समस्याओं को ध्यान से सुना और सचिव, उच्च शिक्षा विभाग एवं मुख्य सचिव छत्तीसगढ़ शासन से तत्काल बात की और इस समस्या का निराकरण करने कहा। अतिथि व्याख्याताओं ने नियमितीकरण की मांग भी की। इस विषय पर श्री रोहरा ने शीघ्र ही मुख्यमंत्री से चर्चा करने की बात कही। मौके पर भीषम साहू, कुशल चोपड़ा, डॉ जितेंद्र मानकर, डॉ कामिनी सिन्हा, डॉ भूपेंद्र साहू, हिमांशी कदम, नरोत्तम साहू, मेनका साहू, संजय कुमार, जितेंद्र साहू उपस्थित थे।

# किसान की बेटी मीनाक्षी ने जिले की प्रावीण्य सूची में नवम स्थान बनाया

- हाईस्कूल सोरदभाट का परीक्षाफल उत्कृष्ट रहा

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

शासकीय हाईस्कूल सोरिदभाट में 10वीं बोर्ड का परीक्षा परिणाम 83 प्रतिशत रहा। दर्ज परीक्षार्थी 47 में से 39 उत्तीर्ण हुये । 15 प्रथम श्रेणी, 18 द्वितीय श्रेणी तथा 6 तृतीय श्रेणी में उत्तीर्ण हुये।


मीनाक्षी पिता यशवन्त साहू ग्राम श्यामतराई ने पूरे विद्यालय में 96 प्रतिशत लेकर प्रथम स्थान प्राप्त किया है। साधारण किसान परिवार की पुत्री मीनाक्षी ने इस सफलता का श्रेय अपने माता-पिता, शिक्षकों एवं गणित के व्याख्याता डीके देवांगन को दिया है। मीनाक्षी आगे पढ़कर डॉक्टर बनना चाहती हैं।

प्राचार्य डॉ रचना मिश्रा ने बताया कि छात्रों को नियमित रूप से तिमाही, छमाही, प्री बोर्ड प्रश्न पत्र का अभ्यास कराया गया। बोर्ड परीक्षा प्रभारी डीके देवांगन ने बताया कि राज्य स्तरीय मेरिट के लिये एक प्रतिशत कम हो गया। योगिता अमादिया 88 प्रतिशत द्वितीय, चंचल साहू 82.3 प्रतिशत तृतीय, हिना लहरे 80.8 प्रतिशत, भूषण सिन्हा 77.8, धरमराज साहू 76.6, कुलदीप साहू 76, वेदप्रकाश साहू 72.6, केवल साहू 72.5, डाली ध्रुव 70.8, मनीषा साहू 70.17, दिव्या सिन्हा 67.8, सुधा ध्रुव 67.8, तेजस्वी साहू 66.3, मुनिया सिन्हा 61.7 प्रतिशत लेकर प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण हुए।

इस उपलब्धि पर एसके महावर, मधु चंद्राकर, ज्योति बिबियाना मिंज, महेश मगेंद्र, पूनम मानकर, मधु भास्कर, फलेन्द्र ध्रुव अध्यक्ष शाला विकास समिति सभापति कौशिल्या देवांगन, सत्यम देवांगन, पार्षद रितेश नेताम, दीपक गजेंद्र, वसंत देवांगन, बलीराम साहू, मकसूदन सिन्हा ने हर्ष व्यक्त किया है।

### हमारा लक्ष्य है प्रत्येक घर तक स्वच्छ और सुरक्षित जल पहुंचे : महापौर

# आधुनिक तकनीक से पानी की गुणवत्ता की होती है जांच



हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

शहरवासियों को शुद्ध, सुरक्षित और स्वास्थ्यवर्धक पेयजल उपलब्ध कराने के लिए नगर निगम धमतरी पूरी तत्परता से कार्य कर रहा है। जल शुद्ध संयंत्र में अत्याधुनिक तकनीकों से हर स्तर पर जल की गुणवत्ता की जांच की जाती है, जिससे नागरिकों को गुणवत्तापूर्ण जल की सतत आपूर्ति सुनिश्चित हो सके।

ज्ञात हो कि नगर निगम द्वारा संचालित जल संयंत्र में रोजाना जल के रंग, गंध, स्वाद, तापमान, पीएच, टीडीएस, रेसिडुअल क्लोरीन, बैक्टीरिया, हार्डनेस और अमोनिया जैसे महत्वपूर्ण मापदंडों की नियमित जांच की जाती है। यह जांच फिल्ट्रेशन प्रक्रिया के दौरान प्रति घंटे, साथ ही प्री-क्लोरीनेशन और पोस्ट-क्लोरीनेशन समय पर प्रतिदिन आठ बार की जाती है। इसके अलावा, नागरिकों से प्राप्त शिकायतों के आधार पर नगर के विभिन्न वार्डों से रैंडम नमूने लेकर जांच की जाती है।

महापौर रामू रोहरा ने बताया कि फिल्टर प्लांट में प्रशिक्षित तकनीशियनों की सहायता से पानी की शुद्धता सुनिश्चित की जाती है। यह कार्य न केवल तकनीकी रूप से बल्कि जवाबदेही और पारदर्शिता के साथ संपन्न किया जाता। आगे कहा कि हमारा लक्ष्य है कि प्रत्येक घर तक स्वच्छ और सुरक्षित जल पहुंचे।

आयुक्त प्रिया गोयल ने कहा कि जल जीवन का आधार है। नागरिकों को सुरक्षित जल देना हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। हमारी टीम हर दिन मानकों के अनुरूप परीक्षण करती है और किसी भी प्रकार की गड़बड़ी पाए जाने पर तत्काल सुधारात्मक कदम उठाए जाते हैं।

जल विभाग अध्यक्ष अखिलेश सोनकर ने कहा कि शुद्ध जल के लिए वैज्ञानिक तरीके से हर दिन परीक्षण किया जाता है। हमारा पूरा प्रयास है कि नगर की जनता को गुणवत्तायुक्त पेयजल मिले। फिल्टर प्लांट की हर प्रक्रिया की सतत निगरानी की जा रही है।

online Booking:-www.tripuryatra.com
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
स्पेशल ट्रेन से - 20 दिसंबर से 30 दिसंबर 2025 (11 दिन)
रामेश्वरम् धाम यात्रा
03 जून, 22 जुलाई, 12 अगस्त, 09 सितंबर, 07 अक्टूबर, 11 नवम्बर 2025 (10 दिन)
श्री रामेश्वरम् धाम ज्योतिर्लिंग, श्री तिरूपति बालाजी, श्री मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग, मदुरै श्री मीनाक्षीदेवी, श्री कन्याकुमारी, त्रिवेन्द्रम (पद्मनाभ स्वामी)
11 यात्रियो की बुकिंग पर एक यात्री निःशुल्क
राशि :- स्लीपर 16,500/-, 3 एसी-27,500/-, 2 एसी 32,500/- (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
संपर्क करें:-7354-411411

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

चर्म रोग एवं एलर्जिक क्लीनिक
स्थायी ईलाज
विशेषताएं-
पुराना दाद एवं खुजली, बेमची, मुहांसे (पिंपल्स) सफेद दाग, एलर्जी वाली खुजली)
डॉ. राकेश साहू होम्योपैथिक विशेषज्ञ
सुबह 10 से 2 एवं शाम 6 से 9 बजे तक (मंगलवार बंद)
डा.जयंत पवार हॉस्पिटल, बांके बिहारी मंदिर के पास, सदर बाजार, धमतरी
मो. 86027-50020